WWW.SARKARIRESULT.COM

UPSSSC Junior Assistant 10+2 Recruitment Written Exam Syllabus

(1)- प्रथम चरण - लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की चालीस अंकों की होंगी।

(क) परीक्षा के विषय अधिकतम अंक और दिया गया समय नीचे दिये अनुसार होगा ।

क्रमांक	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
भाग-1	हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता	40	20	एक घंटे की अवधि का संयुक्त प्रश्नपत्र ।
भाग-2	सामान्य बुद्धि परीक्षण	20	10	
भाग-3	सामान्य जानकारी	20	10	
	योग	80	40	

भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। (यह प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ०प्र० के हाईस्कूल परीक्षा के स्तर का होगा।)

भाग – 2 सामान्य बुद्धि परीक्षण

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधो, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

भाग-3 सामान्य जानकारी

प्रश्न- पत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता को आँकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जाएंगे जिनसे ऐसी समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित हो सकते है। (विशेषकर भारत से संबन्धित) एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आँका जा सके, जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है।

(2)- द्वितीय चरण – टंकण परीक्षा कम्प्यूटर / लैपटाप पर होगी, जो अर्हकारी प्रकृति की होगी।

(केवल ऐसे अभ्यर्थियों के लिए चयन के लिए विचार किया जाएगा, जिन्होने, यथा स्थिति टंकण के लिए विहित न्यूनतम गति प्राप्त कर ली हो।)

(क)- शैक्षिक अर्हता के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी को निम्नलिखित रीति से अंक प्रदान किए जायेंगे:-

	शैक्षिक अर्हता	प्राप्त अंकों का प्रतिशत	प्रदान किए जाने वाले अंक
एक	इंटरमीडिएट	साठ प्रतिशत और इसके ऊपर	बीस अंक
		पैंतालीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु साठ प्रतिशत से कम	पंद्रह अंक
		तैंतालीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु पैंतालीस प्रतिशत से कम	दस अंक
दो	स्नातक उपाधि	साठ प्रतिशत और इसके ऊपर	दस अंक
		पैंतालीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु साठ प्रतिशत से कम	आठ अंक
		तैंतालीस प्रतिशत या ऊपर किन्तु पैंतालीस प्रतिशत से कम	पाँच अंक

(ख)- किसी खिलाड़ी को अधिकतम पाँच अंकों के अध्याधीन निम्नलिखित रीति से अंक दिया जाएगा :-

एक	यदि अभ्यर्थी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हो।	पाँच अंक
दो	यदि अभ्यर्थी राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हो।	चार अंक
तीन	यदि अभ्यर्थी राज्य स्तर का खिलाड़ी हो।	तीन अंक
चार	यदि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय / कॉलेज / स्कूल स्तर का खिलाड़ी हो।	दो अंक

SARKARIRESULT.COM

Download Sarkariresult.com Official Mobile Apps and Get the All Updates on Your Mobile Available @

Sarkari Result | Download for Windows Phone | GET IT ON Google play | Download on the App Store

WWW.SARKARIRESULT.COM

(3)- तृतीय चरण- साक्षात्कार 25 अंकों का होगा।

कनिष्ठ सहायक के पद पर चयन उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवानियमावली, 2014 में विहित भाग-5 भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत नियम-17 के अनुसार यथासंशोधित उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2002 के उपबंधों के अनुसार की जायेगी, का उल्लेख है। उपर्युक्त के अद्यतन नियमावली उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2014 में निम्नलिखित प्राविधान है:-

1- वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा	-	40 अंक
2- टंकण परीक्षा	-	अर्हकारी प्रकृति की होगी
शैक्षिक अर्हता के आधार पर अधिकतम	-	30 अंक प्रदान किए जायेंगे
खिलाड़ी को अधिकतम	-	05 अंक प्रदान किए जायेंगे
3- साक्षात्कार	-	25 अंक
योग	-	100 अंक

13- वरीयता- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय विभागों के संबंध में वरीयता देनी होगी। आयोग, अभ्यर्थियों की प्रवीणता क्रम में जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और आयोग साक्षात्कार के समय पद की उपलब्धता, श्रेष्ठता व पद की शैक्षिक अर्हता का संज्ञान लेते हुए उक्त विभागों में अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी वरीयता के आधार पर यथा संभव विभाग आवंटित करने का प्रयास करेगा किन्तु इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

SARKARIRESULT.COM

Important Notice

Sarkari Result नाम से मिलती–जुलती फर्जी Website से सावधान रहे हमेशा Type करे www.sarkariresult.com

Download Sarkariresult.com Official Mobile Apps and Get the All Updates on Your Mobile Available @

Download for Windows Phone

GET IT ON Google play

Download on the App Store